संस्थान के विशेष विद्यालय के छात्रों ने सेंट जॉन हाई स्कूल के छात्रों के साथ आउटरीच कार्यक्रम की गतिविधियों का आनंद लिया

सेंट जॉन्स स्कूल, सेक्टर 26, चंडीगढ़ के द्वारा अपने आउटरीच कार्यक्रम के तहत राजकीय बौद्धिक दिव्यांगजन पुनर्वास संस्थान के विशेष विद्यालय के छात्रों के लिए संगीत, पेंटिंग, योग और दीया पेंटिंग गतिविधियों का आयोजन किया गया।

संगीत कार्यक्रम :

सेंट जॉन्स स्कूल के छात्रों ने 5 अक्टूबर 2023 को संगीत गतिविधि आयोजित किया जिसमें वाद्य संगीत बजाए गए और गाने गाए गए। संस्थान के विशेष विद्यालय के छात्रों ने संगीत शिक्षक श्री रोमी कुमार के साथ वहां वाद्य संगीत की प्रस्तुति दी। संस्थान की ओर से श्री रोमी कुमार, सुश्री मनीषा शर्मा और सुश्री शीतल नेगी इस गतिविधि के समन्वयक थे।

पेंटिंग कार्यक्रम :

सेंट जॉन स्कूल के छात्रों ने 12 अक्टूबर 2023 को संस्थान के विशेष विद्यालय के छात्रों के साथ पेंटिंग गतिविधि की। इसमें संस्थान की ओर से सुश्री कमल और सुश्री रमन इस गतिविधि की समन्वयक थीं।

योग कार्यक्रम :

दिनांक 26 अक्टूबर 2023 को सेंट जॉन स्कूल के 40 छात्रों और संस्थान के विशेष विद्यालय के 40 छात्रों यानी कुल 80 छात्रों ने एक साथ योगासन और प्राणायाम किया। इस योग सत्र का संचालन सुश्री मनीषा शर्मा, योग थैरेपिस्ट एवं सुश्री प्रियंका सैनी, स्पेशल एजुकेटर ने किया।

.

दीया पेंटिंग :

7 नवंबर 2023 को सेंट जॉन स्कूल, सेक्टर 26, चंडीगढ़ के 48 छात्रों और संस्थान के विशेष विद्यालय के 60 छात्रों यानी कुल 108 छात्रों ने एक साथ दीया पेंटिंग किया। संस्थान की ओर से इस गतिविधि का आयोजन सुश्री मनीष शर्मा, सुश्री उषा, सुश्री अमनदीप कौर और सुश्री मीनू देवी ने किया।